Chautha Sansar, Indore, Sep 06 2012

टीसीएस आईटी विज २०१२ इंदौर संस्करण का शुभारंभ

इंदौर। स्थानीय डीएवीवी यूनिवर्सिटी परिसर खण्डवा रोड स्थित यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम, में मंगलवार को आयोजित भारत की सबसे बडी इंटर स्कूल आईटी

क्विज टीसीएस आईटी विज के इंदौर संस्करण के शुभारंभ पर जबरदस्त प्रतिसाद मिला, टाटा कंसलटेंसी द्वारा आयोजित तथा स्थापित टीसीएस विज २०१२ में इंदौर के विभिन्न स्कूलों के १००० से अधिक छात्रों ने हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया । प्राथमिक राउण्ड और उसके बाद कुछ कठिन तथा गहन अंतिम राउण्ड में जबरदस्त मुकाबले के बीच सेंट पॉल हायर सेकेंडरी स्कूल के पंकज मनचंदा तथा प्रत्युष समल ने विजेता ट-ॉफी और गैलेक्सी नोट जीता तथा एटोमिक एनर्जी सेन्ट-ल स्कूल के अभिषेक नाइक तथा पलाश अग्रवाल ने उपविजेता के रूप में उपविजेता की ट-ॉफी के साथ गैलेक्सी टेब जीतने में सफलता पायी। इस क्विज को ख्याति प्राप्त क्विज मास्टर ''पिकब्रेन'' गिरिबालासुब्रमणियम ने होस्ट किया था। पुरस्कार हमारे सम्माननीय अतिथि डाइरेक्टर, डायरेक्टोरेट ऑफ डिस्टेंस एजुकेशन, यूनवर्सिटी ऑफ इंदौर, डी ए वी वी डॉ. जयंत सोनवालकर और एमपी ऑनलाइन के सीओओ प्रमोद भार्गव के द्वारा वितरित किये गये।टीसीएस आईटी विज २०१२ की विशेषता क्विजमास्टर पिकबैक्रन और उनकी टीम द्वारा निर्मित भारत के पहले एनिमेटेड आधरित क्विज सॉफ्टवेयर है। इस आयोजित रीजनल फाइनल्स एक अदभूत गेम आधारित फार्मेट है जो कि एक विशेष सॉफ्टवेयर से संचालित होता है। टीसीएस आईटी विज २०१२ के रीजनल राउण्डस १४ शहरों - हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता, बैंगलुरू, चेन्नई, कोयम्बटूर, पुणे, नागपुर, इंदौर, भुवनेश्वर, कोची, लखनऊ, मुंबई और दिल्ली पर आयोजित किए जा रहे है। विजेताओं को हाई टी में टीसीएस के सीईओ श्री एन. चन्द्रशेकरन के साथ चर्चा करने का अवार भी मिलेगा।